# राजभाषा कार्यान्वयन समिति
# भारती महाविद्यालय
# दिल्ली विश्वविद्यालय

## वार्षिक कार्यक्रम रिपोर्ट 2023 - 2024

भारती महाविद्यालय, राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा भारती महाविद्यालय में वर्ष 2023 - 2024 में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय (भारत सरकार) द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम के अनुरूप विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार हेतु किया गया। जिनमें से कुछ निम्नलिखित हैं-

हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी विभाग एवं राजभाषा का कार्यान्वयन समिति, भारती कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में 14 से 18 सितंबर 2023 तक 'हिंदी पक्षोत्सव' का आयोजन किया गया। जिसके दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ अत्यंत उत्साहवर्धक रूप में हुआ, जिसमें उपस्थित अनेक अतिथियों सहित सभी लोगों ने अपने हस्ताक्षर हिंदी भाषा में किए। कार्यक्रम में कार्यालयी कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रति जागरूकता बनाए रखने तथा राजभाषा विभाग से समय - समय पर प्राप्त निर्देशों को व्यवहारिक रूप में सुलभ बनाने पर बल दिया गया।

इस अवसर पर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की संयोजिका प्रो. मंजु शर्मा जी ने माननीय अतिथियों के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के आदरणीय प्रोफेसर प्रो. पूरन चंद टंडन, प्रो. मंजु मुकुल के अतिरिक्त हिंदी के क्षेत्र में कार्यरत डॉ. जगदीश राम पौरी, डॉ. गम्भीर सिंह चौहान, डॉ. बालेंदु शर्मा दाधीच को आमंत्रित किया। जिन्होंने अपने उत्कृष्ट व्याख्यान से सभी को संबोधित कर मार्गदर्शन किया। जो सभी के लिए भविष्य में लाभकर सिद्ध होगा। कार्यक्रम में भारती महाविद्यालय के सभी प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों अथवा विद्यार्थियों ने भाग लिया।

भारती महाविद्यालय राजभाषा कार्यान्वयन समिति ने अनेक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया। जो शैक्षणिक स्तर पर महाविद्यालय तथा अंतर महाविद्यालय के छात्र स्तर पर था सभी छात्रों ने इसमें सोत्साह सहभागिता की और कार्यक्रम को उसके शिखर तक पहुँचाया।
समिति द्वारा निम्नलिखित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया-

**शिक्षणेत्तर वर्ग प्रतियोगिता-**

- कविता वाचन
- प्रशासनिक शब्दावली प्रतियोगिता
- आशु भाषण प्रतियोगिता

**छात्र वर्ग प्रतियोगिता-**

- पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता
- स्लोगन निर्माण प्रतियोगिता (विषय  हिंदी कल, आज और कल)
- स्वरचित कविता लेखन प्रतियोगिता
- प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता

- आशु भाषण प्रतियोगिता
- वाद विवाद प्रतियोगिता (विषय : हिंदी वसुधैव कुटुम्बकम् का सर्वाधिक सशक्त माध्यम है।)

प्रतिदिन दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। हिंदी की प्रगति को निरन्तर गतिशील कैसे बनाया जा सकता है पक्षोत्सव के विभिन्न कार्यक्रमों में इन विषयों पर विचार विमर्श एवं चर्चा की गई। साथ ही राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा एक 'भित्ति पत्रिका प्रदर्शनी' भी लगाई गई जिसमें हिंदी के सभी प्रमुख रचनाकारों की प्रमुख रचना तथा चित्रों को प्रदर्शित किया गया। इस कार्यक्रम में भारती महाविद्यालय के सभी प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। राजभाषा कार्यान्वयन समिति ने इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया, जिसमें सभी छात्रों ने उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में, विजेताओं को मुख्य अतिथि और प्राचार्या महोदया ने सम्मानित किया।

हिंदी के प्रचार प्रसार एवं सुगम व्यवस्था हेतु प्रतिबद्ध भारती महाविद्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा दिनांक 23/01/2024 "तकनीक में हिंदी का प्रयोग : समस्या और समाधान" विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य तकनीक में हिंदी भाषा के प्रयोग संबंधी चुनौतियों के निराकरण का था। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में श्री कुमार पाल शर्मा उप-निदेशक, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय), विशिष्ट अतिथि श्री विक्रम सिंह, अपर सचिव, संसदीय राजभाषा समिति उपस्थित रहे। कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य महाविद्यालय में प्रशासनिक स्तर पर हिंदी भाषा के प्रयोग को प्रोत्साहित करना था। कार्यशाला में भारती महाविद्यालय के सभी प्रशासनिक अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने भाग लिया। इसके अलावा महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थी भी कार्यशाला में उपस्थित रहे।

श्री कुमार पाल शर्मा ने अपने वक्तव्य में विस्तार से विषय पर बात की। उन्होंने दैनिक जीवन में तकनीक की बढ़ती भूमिका पर बात करते हुए कहा कि 21वीं सदी तकनीक की सदी है। उन्होंने तकनीक में हिंदी भाषा की सुलभता के संदर्भ में कहा कि हिंदी भाषा की वर्तनी और ध्वनि व्यवस्था न केवल वैज्ञानिक है बल्कि तकनीक के अनुकूल भी है। उन्होंने गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी के प्रयोग को सुगम बनाने के लिए किए जा रहे प्रयास से भी श्रोताओं को अवगत कराया। इसी कड़ी में श्री विक्रम सिंह ने भी श्रोताओं को नए-नए तकनीक, सॉफ्टवेयर आदि की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शैक्षणिक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्राएं सम्मिलित हुई।

कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत प्राचार्या सलोनी गुप्ता जी ने किया। उन्होंने आयोजकों एवं विद्वान वक्ताओं को महाविद्यालय में ऐसी ज्ञानवर्धक कार्यशाला आयोजित करने के लिए निरंतर सहयोग एवं मार्गदर्शन की बात कही। धन्यवाद ज्ञापन राजभाषा कार्यान्वयन समिति की संयोजिका प्रो॰ मंजु शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वसुंधरा शर्मा ने किया।

इसके साथ ही भारती महाविद्यालय के परिसर में 7 मार्च 2024 को, विश्व महिला दिवस के अवसर पर, राजभाषा कार्यान्वयन समिति, हिन्दी विभाग, भारती महाविद्यालय, और लोक संस्कृति मंच दिल्ली के संयुक्त संयोजन में काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माननीय प्राचार्या प्रोफेसर सलोनी गुप्ता ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति बनाए रखी। साथ ही, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की संयोजिका प्रोफेसर मंजु शर्मा और हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ प्रेम सिंह भी उपस्थित रहीं। सारे हिन्दी परिवार और कवियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को शोभायमान बनाया। कवियों ने अपनी उत्साहजनक कविताओं से विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

महाविद्यालय में केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय (भारत सरकार) के आदेशानुसार केंद्रीय हिंदी निदेशालय के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय परिसर में फ़रवरी 2024 से हिंदी पारंगत प्रशिक्षण कक्षाओं का आयोजन भी किया जा रहा है। इन कक्षाओं का उद्देश्य महाविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यालयी हिंदी में प्रशिक्षित करना एवं महाविद्यालय में प्रशासनिक स्तर पर हिंदी में काम काज को बढ़ावा देना है, इस कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्रीय हिंदी निदेशालय, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार से हिंदी प्राध्यापिका सप्ताह में दो बार महाविद्यालय परिसर में हिंदी प्रशिक्षण कक्षाओं के लिए आती हैं। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी उच्च प्रशासनिक अधिकारी, महाविद्यालय के कर्मचारी, प्राध्यापक एवं महाविद्यालय की प्रमुख समितियों के संयोजकों के साथ साथ महाविद्यालय की प्राचार्या भी हिंदी कक्षाओं तथा हिंदी पारंगत परीक्षा हेतु पंजीकृत हैं।


अकादमिक वर्ष 2023 - 2024 में राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा भारती महाविद्यालय की वेबसाइट पर राजभाषा अनुभाग पृष्ठ बनाया गया, इस पृष्ठ पर महाविद्यालय में राजभाषा से सम्बंधित होने वाले सभी प्रकार के कार्यक्रमों की सूचना को समय समय पर अद्यतित किया जाता है।

इस प्रकार भारती महाविद्यालय में वर्ष 2023 - 2024 में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय (भारत सरकार) द्वारा जारी हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार एवं प्रशिक्षण हेतु सुनियोजित सभी कार्यक्रमों का अनुपालन किया गया हैं ।
सम्पूर्ण कार्यक्रम की कुछ झलकियाँ दृष्टव्य हैं -





















राजभाषा कार्यान्वयन समिति
भारती महाविद्यालय
(दिल्ली विश्वविद्यालय)


GPS Map Camera
Delhi, Delhi, India
Bharti College, Janakpuri, Delhi, 110058, India
Lat 28.622168°
Long 77.093751°
14/09/23 11:45 AM GMT +05:30
Google


हिन्दी दिवस


GPS Map Camera
Delhi, Delhi, India
CLASSROOM, BHARATI COLLEGE, Janakpuri, Delhi, 110058, India
Lat 28.62191°
Long 77.093778°
14/09/23 12:05 PM GMT +05:30
Google


हिंदी पक्षोत्सव 2023
भारती महाविद्यालय
(दिल्ली विश्वविद्यालय)
राजभाषा कार्यान्वयन समिति
द्वारा
शिक्षक, शिक्षणेत्तर वर्ग एवं विद्यार्थियों हेतु
आयोजित एक दिवसीय व्याख्यान
राजभाषा हिंदी और आधुनिक तकनीक
वक्ता
डॉ. बालेंदु दाधीच
26 सितम्बर 2023
संगोष्ठी कक्ष
प्रातः 11 बजे
आप सभी सादर आमंत्रित है।
प्राचार्या
प्रो. सलोनी गुप्ता
समन्वयक
प्रो. मंजु शर्मा


राजभाषा कार्यान्वयन समिति
भारती महाविद्यालय
(दिल्ली विश्वविद्यालय)




हिन्दी पक्षोत्सव '2023'
GPS Map Camera
Delhi, Delhi, India
CLASSROOM, BHARATI COLLEGE, Janakpuri, Delhi, 110058, India
Lat 28.621705°
Long 77.093704°
15/09/23 01:19 PM GMT +05:30
Google


हिन्दी पक्षोत्सव '2023'
14 - 28 सितम्बर
राजभाषा
कार्यान्वयन समिति
प्राचार्य
समन्वयक
प्रो० मन्जु शर्मा




लोक संस्कृति
राधे


EXIT
लोक संस्कृति